आसनसोल
दुर्गापुर
रानीगंज
पुरुलिया

बर्दवान
卐 ॥ श्री हरिः ॥ 卐
सन्मार्ग
॥ नमोऽस्तु रामाय सलक्ष्मणाय देव्यै च तस्यै जनकात्मजायै नमोऽस्तुरुद्रेन्द्रयमानिलेभ्यो नमोऽस्तुचन्द्रार्कमरुद्गणेभ्यः॥

बंगाल से प्रकाशित पूर्वी भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
बुधवार
बर्दवान, 4 अगस्त 2021
श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी 11
विक्रम संवत् 2078
वर्ष 4, अंक 4, पूर्णांक 1076
मूल्य 6.00 रु., कुल पेज 12
www.sanmarg.in




- **रिले अनशन जारी :** बर्न स्टैंडर्ड कंपनी इलाके के लोगों का पानी और बिजली की मांग को लेकर तीसरे दिन अनशन रहा जारी।

डीएम सहित सभी विभाग के अधिकारियों के साथ राज्य के मुख्य सचिव ने कोविड-19 को लेकर वर्चुअल बैठक की।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल का दसवीं में शानदार रहा परीक्षा परिणाम









**आसनसोल :** दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी रखते हुए इस बार भी दसवीं सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। स्कूल के छात्र अनन्त शर्मा ने 97.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं अनन्या कश्यप तथा राज नंदिनी शाह 95 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। 94.20 प्रतिशत अंकों के साथ सुयश जैसवाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार अनन्या साइन ने 92.20 प्रतिशत, अभय कुमार सिंह ने 91.60 प्रतिशत तथा अदिति व्यास ने 90 प्रतिशत अंकों के साथ शानदार सफलता प्राप्त की है। इसी प्रकार सब्जेक्ट वाइज अनन्त शर्मा ने अंग्रेजी में 100, अनन्त शर्मा व राजनंदिनी शाह ने हिन्दी में 100, अनन्त शर्मा ने सामाजिक विज्ञान में 100, अनन्त शर्मा तथा अनन्या कश्यप ने कंप्यूटर साइंस में 100 अंक प्राप्त किए हैं। अदिति व्यास ने गणित में 91 तथा अनन्या कश्यप ने विज्ञान विषय में 91 सर्वाधिक अंक प्राप्त किये। इस अवसर पर स्कूल के मैनेजिंग ट्रस्टी प्रतीक गोयनका ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को शुभकामनाएं दी और भविष्य में कड़ी मेहनत और लगन से ऊंचाइयां छूने को प्रोत्साहित किया। विद्यार्थियों ने भी आश्वासन दिया कि वे कड़ी मेहनत और लगन से अगली बोर्ड परीक्षा में इससे भी अच्छा प्रदर्शन कर स्कूल का नाम रोशन करेंगे। स्कूल के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा ने सभी अध्यापकों और स्टाफ का उनकी मेहनत और कर्तव्य परायणता के लिए आभार व्यक्त किया और अभिभावकों को भी विश्वास दिलाया कि स्कूल प्रशासन उनके साथ हर प्रकार से सहयोग करेगा और छात्रों को बेहतर शिक्षा के साथ-साथ सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी उनका लक्ष्य है और इसे पूरी लगन और ईमानदारी से पूरा करेंगे।